पंजाब केसरी 04/03/2026

'भारत बौद्धिक्स परीक्षा' में जी.एम.एन. कॉलेज ऑफ नर्सिंग की काजल हुड्डा ने मारी बाजी

अम्बाला, 3 मार्च (बलराम): शहर के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित 'भारत बौद्धिक्स आई.के.एस. परीक्षा' में जी.एम.एन. कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रतिभाशाली छात्रा काजल हुड्डा ने 100 में से 95 अंक अर्जित कर बाजी मारकर अपने संस्थान का नाम गौरवान्वित कियौ। भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत के प्रति जागरूकता, समझ और गर्व की भावना विकसित करना है। काजल के उत्कृष्ट प्रदर्शन से कॉलेज परिसर में उत्साह और गौरव का वातावरण है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने काजल को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी एक सशक्त मार्गदर्शक है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वदेशी ज्ञान, परंपराओं एवं तकनीकों को जीवन में अपनाने के लिए निरंतर प्रेरित करने की बात कही।